भारत सरकार

शक्षा मंत्रालय

उच्चतर शक्षा वभाग

लोक सभा

अतारांकत प्रश्न संख्या-1239

उत्तर देने की तारीख-08/12/2025

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास केंद्र कोलकाता

†1239. श्री जगन्नाथ सरकार:

क्या शक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे क:

(क) कोलकाता में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) के क्षेत्रीय केंद्र द्वारा पछले तीन वर्षों में कए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है और पुस्तक मेलों, प्रकाशनों और प्रचार संबंधी कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) राष्ट्रीय पुस्तक न्यास क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता द्वारा पछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष आवंटित और खर्च कए गए वा र्षक बजट का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता में सहायक संपादक (बंगला) की नियुक्ति की गई है, और यदि हां, तो पछले तीन वर्षों में उक्त केंद्र, कोलकाता द्वारा कए गए वशेष संपादकीय, अनुवाद और प्रकाशन कार्य क्या हैं; और

(घ) सहायक संपादक (बंगला) की सं वदात्मक नियुक्ति कतनी बार बढ़ाई गई है और उनकी सेवा की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

शक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, **शिक्षा मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन है, जिसकी स्थापना पुस्तकों को प्रकाशित करने और** उन्हें **बढ़ावा देने और भारत में** पठन **संस्कृति को प्रोत्साहित करने** हेतु **की गई है। एनबीटी देशभर में पुस्तक मेलों, प्रदर्शनियों और** संगोष्ठियों **के माध्यम से इन उद्देश्यों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देता है।**

देशभर में एनबीटी के चार क्षेत्रीय केंद्र (पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता, पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे, दक्षिणी क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलुरु और उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय, नई दिल्ली) हैं, जो

पुस्तक संवर्धन **और पढ़ने की आदतों को बढ़ावा देने** का कार्य कर रहे **हैं।** राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, **(एनबीटी), कोलकाता का क्षेत्रीय केंद्र मुख्य रूप से पूर्वोत्तर क्षेत्र में एनबीटी प्रकाशनों के विपणन और बिक्री के लिए** उत्तरदायी **है। यह अपने क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पुस्तक प्रदर्शनियों का भी आयोजन करता है। कोलकाता में** राष्ट्रीय पुस्तक न्यास **(एनबीटी) के क्षेत्रीय केंद्र द्वारा आयोजित पुस्तक मेलों और मोबाइल प्रदर्शनियों का विवरण इस प्रकार है:**

क्र.सं.	वर्ष	**पुस्तक मेले/मोबाइल प्रदर्शनियों की संख्या**
1.	**2022-23**	**31**
2.	**2023-24**	**31**
3.	**2024-25**	**63**

(ख) **एनबीटी** के कार्यकलापों **को मंत्रालय द्वारा प्रदान किए गए बजटीय अनुदान के साथ-साथ संगठन द्वारा** अर्जित **आंतरिक राजस्व के माध्यम से वित्तपोषित किया जाता है। एनबीटी क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता को इस**के कार्यकलापों **के लिए आवंटित** धनरा श **का विवरण (जबकि अन्य सभी व्यय एनबीटी मुख्यालय द्वारा पूरा किए जाते हैं) निम्नानुसार हैं:**

क्र.सं.	वर्ष	आवंटित नि ध
1.	**2022-23**	रु. **44,00,000/-**
2.	**2023-24**	रु. **43,00,000/-**
3.	**2024-25**	रु. **45,00,000/-**

(ग) और (घ): **एनबीटी के पास नई दिल्ली में अपने एनबीटी मुख्यालय में सहायक संपादक** (बंगला) **का एक स्वीकृत पद है। सभी भाषाओं में प्रकाशन सीधे नई दिल्ली में एनबीटी के प्रधान कार्यालय से प्रबंधित किया जाता है।**

****